संख्या–1299/पांच–5–2020

प्रेषक,

वी0 हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–5 लखनऊ : दिनांक 18 जून, 2020

विषयः प्रदेश के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कोरोना हेल्प डेस्क स्थापित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ओ0पी0डी0 क्षेत्र में कोरोना हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए।

2. हेल्प डेस्क में इन्फ्रारेड थर्मामीटर व पल्स आक्सीमीटर के साथ–साथ पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता/तैनाती सुनिश्चित की जाय। चिकित्सालय परिसर में इस आशय के साइन बोर्ड लगाये जायें जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि हेल्प डेस्क में फ्लू व बुखार के रोगियों की जॉच की जाती है ताकि क्षेत्रीय लोग अपने उपचार हेतु सुगमता से पहुॅच सके। हेल्प डेस्क पर क्षेत्रीय लोगों की जॉच/स्क्रीनिंग पल्स ऑक्सीमीटर व इन्फ्रोरेड थर्मामीटर के माध्यम से की जाएगी। इन्फारेड थर्मामीटर की उपलब्धता जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

3. कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(वी0 हेकाली झिमोमी)
सचिव।

संख्या–1299(1)/पॉच–5–2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0एम0सी0एल0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि महानिदेशक से सम्पर्क कर पी0एच0सी0/सी0एच0सी0 की संख्या के आधार पर हेल्प डेस्क में पल्स आक्सीमीटर उपलब्ध करायें।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक, संचारी रोग, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह इन हेल्प डेस्कों पर थर्मामीटर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।